हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, सोमवार, 8 दिसंबर, 2025

11 सीवरेज प्रणाली को दुरुस्त करने के लिए उखाड़ी सड़क



12 डीएवी पुलिस स्कूल में करवाया 100 कुंडीय हवन



**खबर संक्षेप**

### लोहारू शहरी क्षेत्र की डेढ़ घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बाधितः जेई

**लोहारू।** शहर बिजली निगम कार्यालय में बनाए जा रहे नए 33 केवी बिजली घर में नए टॉवर वर्क के दौरान सोमवार को सुबह 9 बजे से सुबह 10:30 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली निगम के जेई दिनेश कुमार ने बताया कि बिजली निगम कार्यालय के भीतर 33 केवी बिजली पावर हाउस बनाया जा रहा है। जिसके लिए सोमवार को बिजली तारों के लिए टावर बनाए जाएंगे। इस दौरान लोहारू शहर की बिजली आपूर्ति सुबह 9 बजे से डेढ़ घंटे तक बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि बिजली घर बनने के बाद शहरी बिजली आपूर्ति में और अधिक सुधार होगा।

### सीनियर राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप के ट्रायल 9 को : दहिया

**भिवानी।** तेलंगाना के हैदराबाद में आयोजित होने वाली 43वीं सीनियर राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप के लिए हरियाणा की पुरुष और महिला टीमों के ट्रायल कैंप की घोषणा कर दी गई है। हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन की महासचिव बबीता दहिया ने बताया कि 43वीं सीनियर राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 11 से 14 जनवरी तक किया जाएगा। ट्रायल/ कैंप की प्रक्रिया 9 दिसंबर को शुरू होगी। खिलाडिय़ों को सुबह 8:00 बजे हरियाणा खेल विश्वविद्यालय, राई में रिपोर्ट करनी होगी।

### सामाजिक बुराइयों के खिलाफ युवा चलाएं अभियान : साहु

**चरखी दादरी।** माडल दादरी जिला बनाओं संगठन युवा विंग अध्यक्ष अधिवक्ता अनिल बलवान साहू ने कहा कि आज हमारे देश के शौर्य की रक्षा करने वाली सेनाएं सशस्त्र सेना झंडा दिवस को उत्साह पूर्वक मना रही है, ऐसे में हम सभी को भी प्रण धारण करना चाहिए कि हमारे वीर सैनिक जिस प्रकार देश के दुश्मनों से लडने के हमेशा तत्पर रहते हैं हम सभी भी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ हमेशा आवाज उठाने को अपना कर्तव्य मानें। आज संगठन की सामाजिक मुहिमों के तहत विभिन्न गांवों सौंफ कासनी, बधवाना, बिजणा, बालरोड आदि में आयोजित मेडिकल व रक्तदान कैंपों की अध्यक्षता रण सिंह यादव, गोपाल यादव, नरेश यादव, संदीप ने की। मुख्य अतिथि सुबेदार अजीत, हीरा सिंह, हरीश शर्मा, मिथलेश वर्मा रहे।

## वेतन बढ़ोतरी समेत अन्य मांगों को लेकर शहर में निकाला जुलूस, किया प्रदर्शन

*प्रदर्शनकारी महिला वर्करों ने चेतावनी दी- मांगों को अनसुना किया तो अनिश्चितकालीन आंदोलन का होगा ऐलान*

# सांसद आवास के बाहर गरजीं मिड-डे मील वर्कर

**मिड-डे मील वर्कर्स ने ठाकुर बीर सिंह पार्क से जुलूस शुरू किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिवानी

लंबित मांगों को लेकर रविवार को मिड-डे मील वर्करों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। शहर में जुलूस निकाला और बाद में सांसद के आवास के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान महिला प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। महिला प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो वे अनिश्चतकालीन आंदोलन का बिगुल बजाने से पीछे नहीं हटेंगी। मिड-डे मील वर्करों ने पुरान बस अड्डे स्थित ठाकुर बीर सिंह पार्क से जुलूस आरंभ किया और महम रोड से होते हुए सांसद धर्मबीर सिंह के आवास पर पहुंचीं। इस दौरान महिला प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारे भी लगाए। इससे पूर्व एकत्रित महिला वर्करों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उनसे स्कूलों में 12 माह तक काम करवाया जाता है, लेकिन उनको 10 माह की ही सैलरी दी जाती है। वह भी समय पर नहीं मिल पाती। वक्ताओं ने सरकार से 26 हजार रुपये न्यूनतम वेतन, पक्की नौकरी, 12 महीने की सैलरी व लेबर कोड रद्द की मांग की।



**भिवानी।** लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन करतीं महिला वर्कर। *फोटो : हरिभूमि*

### 2009 के बाद से नहीं हुई वेतन बढ़ोतरी

यूनियन व सीटू नेताओं ने बताया कि देश व प्रदेश की सरकार बेटी बचाओ व बेटी पढ़ाओ का नारा देती है। प्रदेश में 30 हजार मिड-डे मील वर्कर्स कार्यरत हैं जो पिछले कई सालों से मामूली वेतन में गुजारा कर रही हैं। केन्द्र सरकार ने 2009 के बाद से केन्द्रीय बजट में मिड डे मील कर्मियों के वेतन में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। उल्टे बजट में कटौती की गई है। केन्द्र सरकार की ओर से मिलने वाले एक हजार रुपये कई कई महीनों से बकाया ही रहते हैं। देश की सरकार 45वें श्रम सम्मेलन की सिफारिश के मुताबिक मिड-डे मील वर्कर्स व परियोजना कर्मियों को पक्का किए जाने व 26 हजार रुपये न्यूनतम वेतन की सिफारिश को लागू नहीं कर रही है।

### चार लेबर कोड का किया विरोध

उन्होंने कहा कि पिछले लंबे समय से मिड-डे मील कर्मियों के वेतन में केंद्र सरकार ने बढ़ोतरी नहीं की है। मोदी सरकार ने कोरपोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने के लिए 29 श्रम कानूनों को खत्म करके 4 लेबर कोड लागू करने का निर्णय लिया है, जो मजदूर वर्ग को पूंजीपति वर्ग का गुलाम बनाने का ही कार्य करेगी। मिड डे मील कर्मी सरकार की नीतियों का डट कर मुकाबला करेंगी व आगामी समय में सरकार के खिलाफ लम्बी लड़ाई लड़ने के लिए मजबूर होगी।

### राज्य भर से आए नेताओं ने दी चेतावनी

आज के रोष प्रदर्शन की संयुक्त अध्यक्षता बबीता रोहतक, सुदेश रिवासा, मीनाक्षी रेवाड़ी व राकेश दादरी ने की। प्रदर्शन को सीटू राज्य सचिव मंडल सदस्य कॉमरेड विनोद कुमार, सीटू भिवानी प्रधान कुलदीप सिंह, किसान सभा नेता कामरेड ओमप्रकाश, आशा वर्कर्स यूनियन नेता सुशीला, जनवादी महिला नेत्री अनुराधा, सीटू भिवानी सचिव कामरेड अनिल कुमार, सीटू व यूनियन नेता रोहतक प्रकाश चन्द्र, रिना रोहतक, रीना रेवाड़ी व राकेश काकडोली, नगरपालिका कर्मचारी नेता पुरुषोतम दानव, सीटू नेता कमलेश भैरवी, कमलेश लाहली आदि ने सम्बोधित किया। महिला प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं की गई तो वे अनिश्चिकालीन आंदोलन चलाने पर मजबूर होंगे।



**चरखी दादरी।** होटल में संदिग्ध वस्तु की जांच करते पुलिसकर्मी। *फोटो : हरिभूमि*

**ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन**

# नशा तस्करों के खिलाफ चलाया सर्च अभियान

- थाना इलाके में होटल, ढाबों व संदिग्ध स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया, डॉग स्कवायड की भी मदद ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶|चरखी दादरी

जिले में नशीले पदार्थों, नशा तस्करों व संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश के लिए सर्च अभियान निरंतर जारी है। पुलिस महानिदेशक हरियाणा के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के अंतर्गत दादरी पुलिस द्वारा मादक पदार्थों और तस्करों की धरपकड़ के लिए सर्च अभियान चलाया गया।

बौंद कलां थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम ने डॉग स्कवॉयड के साथ नशीले पदार्थों, उनका सेवन करने वाले व्यक्तियों व नशा तस्करों की दबिश के लिए थाना इलाके में होटल, ढाबों व संदिग्ध स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान संदिग्ध स्थानों पर बारीकी से तलाशी ली गई।

### अभियान जारी

पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व व्यापार में लिप्त लोगों को पकड़ने और सेवन करने वालों की तलाश के लिए जिला पुलिस निरंतर अभियान चला रही है। पुलिस टीम ने होटल व ढाबों में संदिग्ध स्थानों पर डॉग स्कवॉयड के साथ दबिश दी, लेकिन कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु नहीं मिली। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। कोई भी संदिग्ध मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने सभी होटल, ढाबों व संदिग्ध स्थानों पर बारीकी से जांच की और सार्वजनिक स्थलों पर अवैध शराब या अन्य कोई नशा करने वालों, संदिग्ध लोगों और अपराधियों की धर-पकड़ पर जोर दिया।

# पुराने गर्म कपड़ों को जरूरतमंदों को बांटेंगे

## भिवानी पर्यावरण शुद्धिकरण समिति ने गरीब जनता को ठंड से बचाने की मुहिम शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिवानी

- रेडक्रॉस के बाहर स्थित नेकी की दीवार या महम गेट स्थित आनंदी ज्वेलर्स पर जमा करवा सकते हैं पहनने योग्य कपड़े

शहर में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनूठी मिसाल पेश कर रही भिवानी पर्यावरण शुद्धिकरण समिति ने अब समाज सेवा के क्षेत्र में एक और सराहनीय कदम बढ़ाया है। नगर वासियों द्वारा दान किए गए पुराने काठ-कबाड़ से कबाड़ से जुगाड़ की मुहिम चलाने वाली यह समिति अब कड़ाके की ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आई है। भिवानी पर्यावरण शुद्धिकरण समिति के संयोजक केके वर्मा ने बताया कि सर्दी के मौसम को देखते हुए समिति ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने पुराने और अनुपयोगी सर्दियों के कपड़े इधर-उधर फेंकने के बजाय उन्हें दान करें ताकि वे किसी जरूरतमंद के काम आ सकें। उन्होंने कहा कि इन कपड़ों को इकट्ठा कर उन्हें ड्राई क्लीन या अच्छे से धुलवाकर उन लोगों तक पहुंचाया जाए जो आर्थिक अभाव के कारण गर्म कपड़े खरीदने में असमर्थ हैं। यह प्रयास उन्हें सर्दी के प्रकोप से बचाने में मददगार साबित होगा। वर्मा ने कहा कि नागरिक अपनी स्वेच्छा से पुराने ऊनी कपड़े, कंबल या अन्य वस्त्र रेडक्रॉस के बाहर स्थित नेकी की दीवार पर या महम गेट स्थित आनंदी ज्वेलर्स पर जमा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि समिति ने उन दानवीरों की सुविधा का भी ध्यान रखा है जो किसी कारणवश निर्धारित स्थानों तक जाने में असमर्थ हैं।

### 146वें दिन भी धरने पर डटे रहे किसान

- बकाया फसल बीमा क्लेम राशि के भुगतान के लिए संयुक्त किसान मोर्चा का आंदोलन

**लोहारू।** बकाया फसल बीमा क्लेम राशि के भुगतान के लिए संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर जारी किसानों का धरना 146 वें दिन भी जारी रहा। अपनी मांगों को लेकर किसानों ने सरकार के प्रति रोष जाहिर किया। किसानों ने कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगे नही मानेगी, उनका महापड़ाव जारी रहेगा। रविवार को धरने की अध्यक्षता मंदरुप नेहरा, सूरजभान, सुरेंद्र गोपालवास, सुभाषचंद गिगनाऊ, हवासिंह खरकड़ी और श्रीचंद ओबरा ने की तथा मंच संचालन सुरेन्द्र बारवास, जयसिंह गिगनाऊ और नरेंद्र श्योराण फरटिया भीमा ने किया। किसान नेता सुरेंद्र गोपाल वास ने कहा कि क्षतिपूर्ति पोर्टल पर जिन किसानों ने अपनी फसल का नुकसान दर्ज किया था। जांच के दौरान उसका आधे से ज्यादा रकबा घटा दिया। आज भी कई जिलों में खेतों में पानी खड़ा हुआ है।

*सांसद धर्मबीर सिंह ने बांटे पुरस्कार*

# सांसद खेल उत्सव में खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने के लिए किया प्रेरित



**भिवानी।** प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी को सम्मानित करते सांसद।

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिवानी

- खेलों की विजेता प्रत्येक टीम को देसी घी से बने 10 किलो लड्डू प्रदान किए : धर्मबीर सिंह

भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने कहा कि खिलाड़ी हमेशा नशे से दूर रहता है। सांसद खेल उत्सव के तहत उन खिलाड़ियों को भी आगे लाया गया है जो प्रतियोगिताओ से दूर रह जाते हैं। इस खेल उत्सव में अनपढ़ खिलाड़ियों को भी प्रतिभा दिखाने का एक और प्लेटफार्म मुहैया करवाया गया है। खेल हमेशा युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करता है। सांसद सांसद धर्मबीर सिंह ने दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव के समापन अवसर पर खिलाड़ियों व अभिभावकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भिवानी के भीम स्टेडियम में जारी सांसद खेल महोत्सव के समापन अवसर पर खिलाड़ियों को कॉमनवेल्थ खेलों की तर्ज पर विजेता टीमों को ट्रॉफी व मेडल के साथ-साथ प्रमाण पत्र और प्रत्येक टीम को देसी घी से बने 10 किलो लड्डू प्रदान किए गए। सांसद खेल महोत्सव में भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के भिवानी, तोशाम, लोहारु, दादरी, बाढड़ा, महेंद्रगढ़गढ़, नांगल चौधरी, नारनौल व अटेली विधानसभा क्षेत्र की विधानसभा क्षेत्र वाइज खेलों की विजेता टीमों के लगभग 3200 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इससे पहले हलका स्तर पर भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आयोजित खेलों में 25000 खिलाड़ियों की भागीदारी रही थी। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के लिए खाने में भी ऑर्गेनिक तर्ज पर देसी घी से बना खाना परोसा गया। वहीं फलों में केला और सेब प्रत्येक खिलाड़ी को रिफ्रेशमेंट में मुहैया करवाए गए। वहीं दूसरी ओर सांसद धर्मबीर सिंह के पुत्र मोहित चौधरी ने भी खिलाड़ियों का निरंतर हौसला बढ़ाया।

- संबंधित खबर पेज 12 पर

### प्रत्येक बच्चा होना चाहिए स्वस्थ

सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल के साथ भी जोड़ना जरूरी है। खेलों से शरीर स्वस्थ रहता है और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास है। हर बच्चे को एक होनहार खिलाड़ी के तौर पर भी तैयार करना है। कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि फीट इंडिया में प्रत्येक बच्चा स्वस्थ हो और खेलों से देश और दुनिया में अपना नाम रोशन करें। इसी के चलते सांसद खेल महोत्सव के तहत ग्रामीण अंचल स्तर तक खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। आने वाले समय में ये खिलाड़ी दुनिया में देश और प्रदेश का नाम चमकाएंगे।

## दिनोद गांव में स्थित राधास्वामी आश्रम में सतगुरु कंवर साहेब महाराज ने प्रवचनों से किया निहाल

*सतगुरु कंवर साहेब महाराज ने साध संगत को गुरु की महिमा के बारे में समझाया*

# गुरुओं का दर्शन लोभ व अहंकार से दिलाता है छुटकारा : कंवर साहेब



**भिवानी।** आयोजित सत्संग में प्रवचन करते संत कंवर साहेब। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिवानी

गुरुओं के दर्शन मान-बड़ाई, लोभ व अहंकार से छुटकारा दिलाते हैं। बार-बार के दर्शन आपकी वृत्ति को एकाग्र करते हैं और दुनियादारी के झमेलों में बिखरे मन को एक भाव में बांधने का कार्य करते हैं। गुरु आपकी दुर्मति को दूर करता है। गुरु इंसान को उसके असल मकसद से रूबरू कराता है। यह सत्संग वचन परमसंत सतगुरु कंवर साहेब महाराज ने दिनोद गांव में स्थित राधास्वामी आश्रम में फ़रमाए। हुजूर कंवर साहेब ने कहा कि सतगुरु को प्रसन्न करने के लिए तन-मन व धन की बाजी लगानी पड़ेगी। गुरु का ध्यान परमात्मा का ध्यान है। सतगुरु के दर्शन बड़े भाग वाले को होते हैं। बिना गुरु के आपकी लाग नहीं छूटती। जिसको सतगुरु सतनाम और सत्संग का ज्ञान हो जाता है वो अरबों-खरबों में बिरला एक ही होता है। गुरु का प्रेमी तो अपनी बाजी ही गुरु से खेलता है ताकि हर लिहाज़ से जीत उसी की हो।

### भक्ति के लिए आपकी भावना ही प्रधान

गुरु महाराज ने फ़रमाया कि ध्यान सबका लगता है लेकिन महत्वपूर्ण यह है की वो ध्यान लगता किस में है। हमारा ध्यान दुनियादारी की चीजों में तो बहुत लगता है लेकिन भक्ति में नहीं लगता। दुनियादारी की चीजों में हमारा ध्यान इसलिए लगता है क्योंकि हम इसी में रमे हुए हैं। जब तक दुनिया से उपरामता प्राप्त नहीं करोगे तब तब भक्ति में लगाव नहीं होगा। भक्ति के लिए आपकी भावना प्रधान है। भावना जागेगी सतगुरु के बार-बार दर्शन से। आप जिसका ध्यान और ख्याल करोगे उसी के गुण आपमें समाहित होते हैं। अग्नि का ख्याल ऊष्मा देगा, जल का ख्याल शीतलता देगा, इसी प्रकार भक्ति में डूबे संत महापुरुष के दर्शन आपको भक्ति प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि राधास्वामी मत के प्रवर्तक स्वामी महाराज के गुरुमुख शिष्य राय शालिग्राम महाराज अपने गुरु के दर्शन के बिना एक पल भी नहीं रह सकते थे। सतगुरु के दर्शन केवल आंखों से मुखड़ा देखना नहीं है बल्कि दर्शन में सेवा, तप, त्याग, समर्पण व भक्ति सब कुछ आता है। हुजूर साहेब ने फ़रमाया कि इतिहास में कितने किस्से भरे पड़े हैं जो ये बताते हैं कि शिष्यों ने अपने गुरु के लिए सर्वस्व त्याग दिया। दादू साहेब के शिष्य रजब का प्रसंग सुनाते हुए हुजूर महाराज ने कहा कि रजब ने गुरु की वाणी सुनकर सर पर बांधा सेहरा उतार दिया था।गुरु महाराज जी ने कहा कि संत सतगुरु के दर्शन आपको हर तरह से प्रसन्न रखते हैं।

# पुलिस ने सेवा व सुरक्षा का भरोसा दिया, झुग्गी में बांटे गर्म कपड़े

- बहल पुलिस ने किया जागरूक, बच्चों को नशे से बचाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶|बहल

बहल पुलिस थाना प्रभारी संजय कुमार के नेतृत्व में बहल पुलिस ने रविवार को झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों के बीच गर्म वस्त्र व कंबल वितरित किए। पुलिस द्वारा किए गए इस नेक कार्य की लोगों ने खूब प्रशंसा की व कहा कि बहल पुलिस ने गरीब लोगों की मदद कर एक सराहनीय पहल की है, जो स्वागत योग्य है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि पुलिस हमेशा उनकी मदद के लिए तत्पर है। वे कभी भी किसी भी शिकायत को लेकर पुलिस के पास आ सकते हैं। उनकी पूरी सुनवाई होगी और उनका समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा व अच्छे संस्कार देकर उनको सभ्य नागरिक बनाएं। वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें। उनको नशे जैसी बुराई से दूर रखें। अगर उनके पास कोई ऐसा व्यक्ति आता है जो नशे के कारोबार से जुड़ा हो या नशे के काम के लिए लालच देता हो तो वे तुरंत उनको सूचित करें।



**बहल।** कस्बे की झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों को गर्म वस्त्र वितरित करते थाना प्रभारी संजय कुमार। *फोटो : हरिभूमि*



# जापान में फैंस से मिले प्यार पर हैरान हुए प्रभास

**मुंबई।** भारत की फिल्मों को देश ही नहीं, विदेशों में भी खूब देखा जाता है। हाल ही में फिल्म 'बाहुबली द एपिक' की जापान में स्क्रीनिंग हुई। इसी सिलसिले में फिल्म के लीड एक्टर प्रभास जापान पहुंचे। यहां उनका जोरदार स्वागत हुआ। इस पर फिल्ममेकर एसएस राजामौली ने प्रभास के लिए भावुक नोट लिखा। इसके जवाब में प्रभास ने भी एक पोस्ट लिखी है। जापान में 'बाहुबली द एपिक' 12 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। इससे पहले इसकी स्पेशल स्क्रीनिंग पर प्रभास ने कहा 'आपके प्यार के लिए धन्यवाद। आप लोगों का प्यार मैं लंबे समय से सुन रहा था। आज यहां आकर समझ आया कि यह प्यार कितना सच्चा और गहरा है।

लाइफ Style



# सामंथा
## शादी के चार दिन बाद शुरू की शूटिंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सामंथा रुथ प्रभु ने 1 दिसंबर को राज निदिमोरु से शादी की थी और चार दिन बाद ही वह काम पर लौट आईं। सामंथा ने अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है और वैनिटी वैन से तस्वीर शेयर की है।

सामंथा रुथ प्रभु ने 1 दिसंबर को राज निदिमोरु के साथ शादी की थी और अब चौथे दिन ही वह काम पर लौट आईं। न्यूली वेड एक्ट्रेस ने सेट से एक तस्वीर भी शेयर की है। सामंथा ने शुक्रवार, 5 दिसंबर को वैनिटी वैन से अपनी तस्वीर शेयर की। वह अपनी नई फिल्म 'मेरे घर की लक्ष्मी' में बिजी हैं। सामंथा हनीमून पर भी सिर्फ एक ही दिन के लिए जा पाई थीं और बताया था कि वह बाद में ज्यादा दिन के लिए जाएंगी। अभी उन्हें शूट पर वापस लौटना है, तो सिर्फ एक दिन का गोवा का हनीमून प्लान किया है। सामंथा रुथ प्रभु अब काम पर लौटीं तो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह मेकअप चेयर पर बैठीं डायरेक्टर नंदिनी रेड्डी और मेकअप आर्टिस्ट अवनी रंभिया से बातें करती नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, 'लेट्स गो।' सामंथा ने इस दौरान कैजुअल टी-शर्ट और जींस पहनी हुई थी, पर उनके हाथों और पैरों पर दुल्हन वाली मेहंदी साफ दिखाई दे रही थी। 30 नवंबर को सामंथा और राज निदिमोरु की शादी की खबरें सामने आई थीं, और अगली सुबह एक्ट्रेस ने तस्वीरें शेयर कर कन्फर्म किया कि उनकी और राज निदिमोरु की शादी हो गई।

## हॉलीवुड मसाला



# मेन इन ब्लैक की होगी वापसी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सुपरहिट साइंस फिक्शन एक्शन फ्रेंचाइज 'मेन इन ब्लैक' के फैंस के लिए खुशखबरी है। खबर है कि विल स्मिथ एक नए मिशन के साथ सीरीज की अगली फिल्म में बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं। 'बैड बॉयज' फ्रेंचाइज को रीबूट करने के बाद, सोनी पिक्चर्स अपना ध्यान अपनी एक और सबसे बड़ी हिट 'मेन इन ब्लैक' पर लगा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक नई 'मेन इन ब्लैक' मूवी पर काम शुरू हो गया है, जिसकी कहानी लिखने का जिम्मा 'बैड बॉयज फॉर लाइफ' के राइटर क्रिस ब्रेमर को मिला है।



# जस्टिन के साथ साझा की तस्वीरें, रिश्ते पर लगी मुहर

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आखिरकार अपने रिश्ते को आधिकारिक रूप से दुनिया के सामने ला दिया है। लंबे समय से चल रही अफवाहों के बीच दोनों ने जापान टूर की निजी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कर एक तरह से अपने प्यार पर मुहर लगा दी है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इन तस्वीरों ने यह साफ कर दिया है कि यह रिश्ता अब केवल चर्चा का विषय नहीं, बल्कि सच है। कैटी पेरी इन दिनों अपने 'लाइफटाइम्स टूर' पर हैं और इसी दौरान उन्होंने जापान के इस टूर को साझा किया। पोस्ट में दोनों को एक साथ सेल्फी लेते हुए, कला प्रदर्शनियों का आनंद लेते हुए और साथ में समय बिताते हुए देखा जा सकता है। पेरी ने कैप्शन में केवल इतना लिखा- 'टोक्यो टाइम्स ऑन टूर एंड मोर' लेकिन इन कुछ शब्दों ने उनके रिश्ते की तस्वीर को पूरी तरह साफ कर दिया।



# पहली बार साथ दिखेंगे करीना- पृथ्वीराज

**मुंबई।** निर्देशक मेघना गुलजार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म की अभी शूटिंग चल रही है। इस बीच अब मेघना गुलजार ने फिल्म के फाइनल शेड्यूल की शूटिंग को लेकर अपडेट दिया है। इस फिल्म में करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। मेघना गुलजार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर साझा की है। उन्होंने फिल्म के फाइनल शेड्यूल को लेकर जानकारी दी है। मेघना ने जो तस्वीर साझा की है वो किसी कार के अंदर की तस्वीर है। इसमें सीट पर बड़े-बड़े बैग रखे नजर आ रहे हैं। संभवतः इनमें शूटिंग उपकरण हैं। मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित इस फिल्म को जंगली पिक्चर्स और पेन स्टूडियो ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। फिल्म में करीना कपूर और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे।



# मिशन इम्पॉसिबल के पूरे हुए 14 साल

**मुंबई।** 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' को रिलीज हुए 14 साल हो गए हैं। 7 दिसंबर, 2011 को रिलीज हुई हॉलीवुड जासूसी एक्शन फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' का दुबई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर हुआ था। फिल्म के 14 साल पूरे होने पर, अनिल कपूर ने अपने सोशल मीडिया पर कुछ खास तस्वीरें शेयर की हैं और साथ ही एक प्यारा नोट भी लिखा है। अनिल कपूर ने इंस्टाग्राम पर 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' के सेट की कई खास तस्वीरें शेयर कीं। एक तस्वीर में अनील अपनी बेटी सोनम कपूर आहूजा और टॉम के साथ पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। इसके अलावा कई तस्वीरों में 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' की स्टार कास्ट के साथ अनिल पोज देते नजर आ रहे हैं।

## टीवी मसाला




# तारक मेहता को एक और बड़ा झटका, प्राजक्ता ने छोड़ा शो

**नई दिल्ली।** बीते कुछ दिनों से इस शो को लेकर कई विवाद भी सामने आ रहे हैं। कई कलाकारों ने एक के बाद एक इस शो को छोड़ दिया है। कई कलाकारों ने असित मोदी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। इसी बीच अब एक और शॉकिंग न्यूज सामने आ रही है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' सिटकॉम पिछले 17 सालों से दर्शकों का फेवरेट बना हुआ है। ये शो अपनी कहानी के साथ-साथ अपने किरदारों को लेकर भी सुर्खियों में बना रहता है। वहीं, बीते कुछ दिनों से इस शो को लेकर कई विवाद भी सामने आ रहे हैं। कई कलाकारों ने एक के बाद एक इस शो को छोड़ दिया है। कई कलाकारों ने असित मोदी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। इसी बीच अब एक और शॉकिंग न्यूज सामने आ रही है। एक और कलाकार ने ने सिर्फ इस शो को छोड़ा बल्कि मेकर्स पर आरोप लगाए हैं। दरअसल, 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के हम जिए कलाकार की बात कर रहे हैं वो कोई और नहीं, बल्कि एक्ट्रेस प्राजक्ता शिसोदे हैं। शो में उन्हें हमेशा ही गोकुलधाम सोसाइटी में सब्जी बेचते देखा गया और महिला मंडल संग गपशप करते। लेकिन, अब प्राजक्ता ने इस शो को अलविदा कह दिया हैं और इसकी जानकारी खुद एक पोस्ट शेयर करके दी है। साथ ही अपमान करने का आरोप लगाया है। प्राजक्ता ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए शो छोड़ने की वजह बताई है। प्राजक्ता ने अपने किरदार की अपनी एक तस्वीर शेयर करते हुए बताया कि वो अब वो 'तारक मेहता' का हिस्सा नहीं हैं।

## अरमान और अभिर में होगी टक्कर

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का अपकमिंग एपिसोड काफी दिलचस्प रहने वाला है। क्योंकि अरमान की एक गलती की वजह से अभिरा के साथ उसका रिश्ता मुश्किल में आ जाएगा। टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का अपकमिंग का एपिसोड काफी दिलचस्प रहने वाला है। फिर एक बार अभिरा और अरमान के रिश्ते में दरार आ सकती है। रविवार के एपिसोड में आप देखेंगे कि अभिरा अपने पति अरमान को समझाएगी कि अगर वो उसकी जगह होती तो किसी एक पर सारा आरोप डाल देने की बजाए दोनों से तसल्ली से बात करती और फिर उन्हें समझाने की कोशिश करती। लेकिन, अभिरा की बात अरमान के खास समझ नहीं आएगी। क्योंकि शो के नए प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि उस वक्त पूरे परिवार के सामने तमाशा खड़ा हो जाएगा जब माहौल काफी टेंशन भरा होने के बाद कियारा अचानक वहां से भाग खड़ी होगी। अभिर उसके पीछे-पीछे जाएगा और कहेगा कि कियारा मैं तुमसे सचमुच प्यार करता हूं।



# रीना-किरण और गौरी, तीनों ने मेरी जिंदगी को नई दिशा दी

**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान हमेशा अपनी फिल्मों से ज्यादा अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में रहते हैं। लेकिन, इस बार उन्होंने अपने रिश्तों पर खुलकर बात की है। आमिर ने पूर्व पत्नियों और गर्लफ्रेंड पर एक इंटरव्यू में बात की है। आमिर खान ने अपने करियर के शुरुआती दौर में रीना दत्ता के साथ शादी की थी और दोनों ने करीब 16 साल साथ बिताए। उनके दो बच्चे जुनैद और आइरा, इस रिश्ते की सबसे बड़ी याद के तौर पर मौजूद हैं। अलग होने के बावजूद दोनों हमेशा एक-दूसरे के लिए सम्मान से भरे रहे। आमिर ने कहा कि रीना उनकी जिंदगी का अभिन्न हिस्सा हैं और वह हमेशा उनके साथ एक मजबूत दोस्ती के रिश्ते में रहेंगे। उन्होंने यह भी माना कि इतना लंबा सफर साथ बिताने के बाद रिश्ता भले ही पति-पत्नी का नहीं रहा, लेकिन इंसान के रूप में दोनों कभी एक-दूसरे से अलग नहीं हुए। किरण राव और आमिर की शादी भी करीब 16 साल चली। दोनों ने मिलकर बेटे आजाद को पाला और तलाक के बाद भी उनकी परवरिश में कोई बदलाव नहीं आया। आमिर ने बताया कि वह और किरण आज भी एक परिवार की तरह जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि किरण, उनके माता-पिता, रीना और उनके माता-पिता, सभी मिलकर एक बड़ा, समझदार और संतुलित परिवार बनाते हैं। ये आपसी गर्मजोशी ही आमिर के व्यक्तिगत जीवन को खास बनाती है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगा था कि एक उम्र के बाद वह दोबारा प्यार कर पाएंगे, तो उन्होंने साफ कहा- नहीं। लेकिन फिर उनकी मुलाकात हुई गौरी स्प्रेट से, जिनके बारे में आमिर ने बताया कि वह उनकी जिंदगी में बेहद सुकून और स्थिरता लेकर आई हैं।



# वो शर्त जिसकी बलि चढ़ा अमृता सिंह और रवि शास्त्री का रिश्ता, 39 साल पहले इस तस्वीर से खुली थी अफेयर की पोल

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड और क्रिकेट का बहुत ही पुराना और गहरा कनेक्शन रहा है। जहां कई क्रिकेटर्स एक्ट्रेसेस को दिल दे बैठे और घर भी बसा लिया, वहीं कुछ का प्यार मुकम्मल नहीं हो सका। इस लिस्ट में अमृता सिंह और रवि शास्त्री का भी नाम शामिल है। यह 80 के दशक की बात है। तब एक तरफ रवि शास्त्री क्रिकेट की दुनिया में छाए हुए थे और सब उनके मुरीद थे, वहीं दूसरी ओर अमृता सिंह भी फिल्मों में डेब्यू कर चुकी थीं और चर्चा बटोर रही थीं। तब सोशल मीडिया इतना चलन में नहीं था, पर उस वक्त की मैगजीन और अखबारों में अमृता सिंह और रवि शास्त्री के अफेयर की खूब चर्चा होती थी। फिर साल 1986 में एक मैगजीन के कवर पर जब अमृता और रवि शास्त्री की तस्वीर सामने आई, तो अफेयर की बात एकदम साफ हो गई। फिर ऐसा क्या हुआ था कि दोनों का रिश्ता टूट गया, जबकि शादी की भी खबरें आने लगी थीं?



### बचपन की दोस्त से की शादी

लेकिन, न तो रवि शास्त्री झुकने को तैयार हुए और ना ही अमृता सिंह मानीं। और इस तरह उनका रिश्ता हमेशा के लिए खत्म हो गया। इसके बाद शास्त्री ने साल 1990 में बचपन की दोस्त रितु से शादी कर ली और बेटी अलेका के पिता बने। हालांकि, दो दशक से भी ज्यादा समय बाद उनकी शादी टूट गई।

### मुंबई के एक रेस्टोरेंट में हुई थी पहली मुलाकात

एक रिपोर्ट के मुताबिक, रवि शास्त्री और अमृता सिंह की पहली मुलाकात मुंबई के एक रेस्टोरेंट में हुई थी। तब रवि शास्त्री ने बाद में स्वीकार किया था कि शुरू में वह 10 मिनट तक बात ही नहीं कर पाए और बहुत शरमा रहे थे। तब अमृता ने ही बात करना शुरू किया। इसके बाद रवि शास्त्री और अमृता की नजदीकियां बढ़ने लगीं, और एक-दूसरे से प्यार करने लगे। इसके बाद जब नवंबर 1986 में 'सिने ब्लिट्ज' मैगजीन के कवर पर अमृता सिंह और रवि शास्त्री की तस्वीर दिखी, तो उनका रिश्ता पब्लिक हो गया था। उनकी केमिस्ट्री की तो तारीफ हुई ही, साथ ही उनकी शादी की अटकलें और तेज हो गई थीं। लेकिन किसी वजह से इस रिश्ते में रोड़ा अटक गया। रवि शास्त्री की एक शर्त ने अमृता सिंह के साथ उनके रिश्ते को खत्म कर दिया।

**किसी एक्ट्रेस को पत्नी नहीं बनाना चाहता :** रिपोर्ट के मुताबिक, उस दौर के एक इंटरव्यू में रवि शास्त्री ने साफ कर दिया था कि वह किसी एक्ट्रेस को अपनी पत्नी नहीं बनाना चाहते। उन्होंने कहा था कि उनकी पार्टनर की पहली प्राथमिकता उसका घर होना चाहिए। उस वक्त अमृता अपने करियर के पीक पर थीं और सुपरहिट डेब्यू फिल्म दे चुकी थीं, जिसके बाद उनके पास फिल्मों की लाइन लग गई थी। अमता ने यह कहते हुए विरोध जताया कि वह अपने प्रोफेशन से यूं ही दूर नहीं जा सकतीं। हालांकि, यह भी कहा था कि कुछ साल के बाद वह जरूर हाउसवाइफ बनकर रह सकती हैं और घर संभाल सकती हैं।

## एक के बिके थे 3 करोड़ से ज्यादा टिकट तो एक की 2 करोड़ कमाई

# धर्मेंद्र की दो फिल्मों ने रूस में कर दिया था कमाल

*नई दिल्ली। रूस और भारत के रिश्ते सिर्फ राजनीतिक नींव पर नहीं टिके हैं, दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंध भी हैं, जो इन रिश्ते को और मजबूत बनाते हैं। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक रिश्ते बहुत पुराने हैं और उसका बहुत ज्यादा श्रेय हिंदी सिनेमा को भी जाता है। हिंदी सिनेमा के कुछ कलाकारों ने सोवियत संघ के बाजारों पर अपनी फिल्मों के जरिए छाप छोड़ी। उन्हीं में से एक एक्टर थे धर्मेंद्र देओल, जिनका निधन 24 नवंबर 2025 को उम्र संबंधी बीमारियों के बाद हुआ। उनकी दो फिल्में वहां रिलीज हुईं और सुपरहिट हुई थीं। वैसे तो धर्मेंद्र की बहुत सारी फिल्मों को रूस में रिलीज किया गया, लेकिन उनकी 'अलीबाबा और 40 चोर' का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। 1980 में आई 'अलीबाबा और 40 चोर' फिल्म का निर्माणि सिर्फ भारत की कंपनी के बैनर तले ही नहीं हुआ, बल्कि फिल्म का सह-निर्माणि भारत की ईगल फिल्म्स और सोवियत संघ के उज्बेक फिल्म स्टूडियो ने मिलकर किया था। फिल्म न केवल भारत सुपरहिट साबित हुई, बल्कि इसका जादू रूस में भी चला।*



### इस फिल्म ने बना दिया था ग्लोबल आइकन

फिल्म को रूसी भाषा में रिलीज किया गया और ये दोनों देशों में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। फिल्म भारत के सिनेमाघरों पर 25 हफ्तों तक लगातार चली और फिल्म ने भारत में 3 करोड़ की कमाई की। वहीं, सोवियत संघ में भी फिल्म ने लगभग 2 करोड़ की शानदार कमाई की थी। इस फिल्म ने धर्मेंद्र को ग्लोबल आइकन बना दिया था।

### धरमवीर भी रूस में हुई थी रिलीज

'अलीबाबा और 40 चोर' के अलावा धर्मेंद्र की 'धरमवीर' फिल्म भी उस मुल्क में हिट साबित हुई थी। फिल्म साल 1997 की दूसरी बड़ी हिट बनकर उभरी थी और रूस में फिल्म के 3 करोड़ से ज्यादा टिकट बिके थे। फिल्म ने भारत के सिनेमाघरों पर तकरीबन 50 हफ्तों तक अपना जादू बिखेरा था और इसी फिल्म की वजह से फैंस ने उन्हें 'आयरन' मैन का टैग दिया था।

### अलीबाबा और 40 चोर

रूस में रिलीज के बाद फिल्म 'अलीबाबा और 40 चोर' में धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की रोमांटिक केमिस्ट्री को काफी पसंद किया गया था। धर्मेंद्र को उनकी खूबसूरती की वजह से पहले ही भारत में पसंद किया जा रहा है, लेकिन सोवियत संघ में भी अपनी पर्सनैलिटी और हैंडसम चेहरे की वजह से उन्हें अलग पहचान मिली।



## सीवरेज ठीक करने में नहीं मिली सफलता, टूटी सड़क से परेशानी

# सीवरेज प्रणाली को दुरुस्त करने के लिए जगह-जगह से उखाड़ी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा


बवानीखेड़ा। सीवरेज के लिए उखाड़ी गई सड़क, जिस वजह से हादसों का बना रहता है डर।

बवानीखेड़ा में सीवरेज व्यवस्था पिछले काफी समय से चरमराई हुई है। सभी 16 वार्डों के लोग इस प्रक्रिया से परेशान हैं। वहीं बात की जाए तो हांसी चुंगी से लेकर नागरिक अस्पताल तक सारे शहर का गंदा पानी सीवरेज के पाइप के ढक्कनों से निकलकर मुख्य मार्ग से होता हुआ लोगों की दुकानों व घरों के आगे जमा हो जाता है, जिससे राहगीरों, दुकानदारों, मकान मालिकों व सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

इस समस्या को लेकर लोग नगर पालिका चेयरमैन व विधायक के समक्ष भी शिकायत कर चुके हैं। चेयरमैन व विधायक ने भी विभाग के अधिकारियों को इसके बारे में सुध लेने को कहा है। लेकिन समस्या जस की तस विकराल होती जा रही है। वहीं जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कर्मचारियों द्वारा भी जेसीबी के माध्यम से सीवरेज के ढक्कनों को खोज-खोजकर जमीन से निकाला है ताकि समस्या का समाधान हो। इस प्रक्रिया में करोड़ों की लागत से बनाई गई सड़क भी क्षतिग्रस्त हो गई है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। इससे लोग अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे हैं क्योंकि एक तरफ करोड़ों की लागत से बनी सड़क चलने लायक नहीं रही। वहीं सीवरेज का गंदा पानी मुख्य सड़क से होता हुआ घरों व दुकानों के आगे जमा हो जाता है। लोगों में ओमप्रकाश, सुनील, रमेश कुमार, मोहन लाल, मुकेश कुमार व बलबीर आदि की मानें तो लोगों को नगर पालिका कार्यालय में जाने के लिए बस स्टैंड की तरफ घूमकर या अन्य किसी मार्ग से होकर कार्यालय जाना पड़ता है वहीं सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण एक्सीडेंट होने का भी भय बना रहता है। लोगों की मानें तो प्रशासन को पूरी योजनाबद्ध तरीके से इस जटिल समस्या को सुधारने की रणनीति बनाकर इस समस्या से निजात दिलानी होगी।

दूसरी तरफ इस बारे में नगर पालिका चेयरमैन सुंदर अत्री व विधायक कपूर वाल्मीकि ने बताया कि वे मानते हैं और समझते हैं कि सीवरेज की समस्या गंभीर है। जल्द ही इस समस्या का समाधान करवाया जाएगा।

### बड़ी मशीन से समस्या जल्दी दूर होगी

इस बारे में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कनिष्ठ अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि बड़ी मशीन के माध्यम से बंद सीवरेज के पाइप को खोलने का कार्य किया जाएगा। जल्द ही सीवरेज की समस्या से शहर को छुटकारा मिलेगा।

## बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर का सदैव ऋणी रहेगा देश : कौशिक

**भिवानी।** संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर भिवानी जिला के बापोड़ा मंडल के तहत आने वाले सभी गांवों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया तथा उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर बापोड़ा मंडल अध्यक्ष जगत कौशिक ने कहा कि देश बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर के योगदान का सदैव ऋणी रहेगा।

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर ने सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक व धार्मिक क्षेत्र में ऐसे कार्य किए, जिन्हे आज भी याद किया जाता है। उन्होंने जाति-पाति, ऊंच-नीच जैसी कुरीतियों को समाप्त करने का कार्य किया तथा हर व्यक्ति को शिक्षा प्राप्त करने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि भीमराव अंबेडकर विदेश से जिस विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री ली, वहां वे सबसे होनहार विद्यार्थी थे, जिसके चलते उनके नाम से उस विश्वविद्यालय का द्वार भी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब ने भारत के संविधान में सभी वर्गो के लिए सामाजिक व आर्थिक न्याय का प्रावधान किया है, जिसके चलते भारत का विकास हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को किया नमन



**भिवानी।** रविदास समाज कल्याण ट्रस्ट व नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के तत्वावधान में गांव ढाना लाडनपुर में भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में ग्रामीणों सहित अनेक प्रबुद्ध लोग उपस्थित रहे और बाबा साहेब को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर रविदास समाज कल्याण ट्रस्ट के चेयरमैन दलबीरानंद महाराज, नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी व पार्षद विनोद प्रजापति ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भारत को समानता, भाईचारे और न्याय का जो मार्ग दिखाया, वही आज भी समाज को दिशा प्रदान करता है। उनके संघर्ष, त्याग और दूरदृष्टि ने देश को एक मजबूत और सर्वसमावेशी संविधान दिया। हमें उनके बताए मार्ग पर चलते हुए समाज में शिक्षा, जागरूकता और सामाजिक समरसता को बढ़ाना चाहिए। उन्होंने बताया कि बाबा साहेब ने हमेशा शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बताया और हम सभी का कर्तव्य है कि उनके संदेशों को घर-घर तक पहुंचाएं। उन्होंने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फुले से प्रेरणा लेकर ही बाबा साहब भीमराव अंबेडकर संविधान निर्माता बने।

### गांव सुंगरपुर में डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी

**तोशाम।** गांव सुंगरपुर में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने बाबा साहब के बताए मार्ग 'शिक्षित बनो, संगठित बनो, और संघर्ष करो' पर चलने का संकल्प लेते हुए उनके विचारों को समाज में फैलाने का प्रण लिया। सभा को संबोधित करते हुए कृष्ण वर्मा ने कहा कि बाबा साहब का पूरा जीवन शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय को समर्पित रहा। उन्होंने बताया कि शिक्षा ही समाज को सशक्त बनाती है और बाबा साहब का यही संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। वहीं विनोद चोपड़ा ने भी अपने विचार रखते हुए शिक्षा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से तारा चंद् चोपड़ा प्रकाश चोपड़ा, सुरेंद्र चोपड़ा (भीम आर्मी), मास्टर विनोद चोपड़ा, रामवीर चोपड़ा, विजेंद्र चोपड़ा, कैलाश चोपड़ा, सत्यवान चोपड़ा, अजीत चोपड़ा, कर्मवीर चोपड़ा, सुनील चोपड़ा, महेंद्र चोपड़ा, सोमवीर चोपड़ा, प्रीतम चोपड़ा, रोहताश वर्मा, जयकुमार चोपड़ा, शमशेर खन्ना, नसीब खन्ना और संसार मेहरा सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। अंत में सभी ने बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया।



### दिव्यांग खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं

**भिवानी।** सांसद खेल उत्सव के तहत विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जी लिट्रा क्रिकेट ग्राउंड में फिजिकल चैलेंजेड क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (पीसीसीएआई) द्वारा भारत व नेपाल के बीच तीन दिवसीय राष्ट्रीय टी-20 मैचों का तीसरा दिन रहा। कप में सानिध्य महंत डॉ. अशोक गिरी का रहा। इस अवसर पर विधायक घनश्याम सर्राफ व पीसीसीएआई अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया की अध्यक्षता रही। डॉ. अशोक गिरी ने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है ,बस इसे निखारने की जरूरत है। उन्होंने दिव्यांग खिलाड़ियों को अपना आशीर्वाद देते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर मुंबई से राजकुमार गुप्ता, भारत केसरी सुनील पहलवान, हरियाणा कुश्ती फेडरेशन के उप प्रधान राजबीर पहलवान, आरएसएस के महामंत्री सुनील शास्त्री, सोनू पहलवान भारत कुमार अवॉर्डी, भारत केसरी रविन्द्र छिकारा, सोनीपत कुश्ती एकेडमी संचालक समाज सेवी बृजलाल सर्राफ, आगरा से हारून रशीद, समाजसेवी नरेश गर्ग ढिगावा, हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल,निदेशक सावित्री यादव, निदेशक सावित्री यादव, राजकुमार सुनसुना महासचिव, समाजसेवी लक्ष्मण गौड, नेपाल टीम के चेयरमैन सुल्टिम सेरपा, नेपाल टीम के कॉर्डिनेटर अतुल त्यागी, अग्रवाल सभा अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, प्रवक्ता मयूर जांगड़ा, समाजसेवी दीपक तोला, मनमानचंद, कॉर्डिनेटर हितेष देवली, टुर्नामेंट कॉर्डिनेटर अविनाश शर्मा, कॉमेंट्रेट अभिषेक तिवारी, इंडिया टीम मैनेजर शुभम शर्मा आदि उपस्थित रहे।



### 14 की महारैली के लिए लगाई जिम्मेदारी : गुलिया

**भिवानी।** अखिल भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा 14 दिसंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली वोट चोर-गद्दी छोड़ महारैली को लेकर भिवानी कांग्रेस पूरी तरह से एक्शन मोड में आ गई है। रविवार को स्थानीय रोहतक रोड स्थित जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें रैली की सफलता को लेकर रणनीति तैयार की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस के शहरी जिलाध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और उन्हें भीड़ जुटाने से लेकर दिल्ली कूच तक की जिम्मेदारियां सौंपी। कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए प्रदीप गुलिया जोगी ने कहा कि रामलीला मैदान से जो आवाज उठेगी, वह पूरे देश में बदलाव का संदेश देगी। बैठक के दौरान शहरी जिलाध्यक्ष ने दावा किया कि इस महारैली में भिवानी से ऐतिहासिक भागीदारी होगी। इस मौके पर कोर्डिनेटर मामराज स्वामी, सत्यजीत पिलानिया, धीरज सिंह, कुंवर बीर सिंह, बलबीर सरोहा, कुलवंत कोंटिया, मा. बलवंत घणघस, ईश्वर मान, रूपेंद्र ग्रेवाल, शीला गौरा, राजकुमार नायक, बलजीत जोगी, जयवीर मिताथल, हरेंद्र जाखड़, सुमित बराड़, रमेश ढिगाव, संजय गांधी, चांद पंघाल, विरेंद्र बापोड़ा, लक्ष्मण वर्मा, श्यामलाल धारण, रवि सोलंकी, देवा हालुवास, कुलदीप सिरसा, प्रवीण बूरा, रणदीप हुड्डा, रजत वाल्मीकि, कपूर सिंह जेई, दीपक शर्मा, नरेश तंवर जीएम, अशोक पूर्व पार्षद, राजेश बडाला, सुनील उमरावत, नौरंग जाटु, जयवीर गौरीपुर, हरेंद्र भालोठिया सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### वोट चोर-गद्दी छोड़ रैली में खोलेंगे पोल : फौजी



**भिवानी।** पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी ने कहा कि 14 दिसम्बर को दिल्ली में होने वली राहुल गांधी की वोट चोर गद्दी छोड़ रैली भीड़ के लिहाज से इतिहास रचेगी। इस रैली में सतारूढ पार्टी की जनविरोधी नीतियों का खुलासा किया जाएगा। भाजपा द्वारा चलाई जा रही वोट में गडबड़ी, किसान, मजदूर,व्यापारी व महिला परेशान है। काम के नाम पर सतारूढ सरकार द्वारा लोगों को डराने का काम किया जा रहा है। अमीर ओर अमीर बन रहे है,जबकि गरीब और गरीबी की दलदल में धंसता जा रहा है। उक्त रैली के प्रति जबरदस्त लोगों में उत्साह है। रैली में अधिक भीड़ पहुंचकर अब की सभी रैली का रिकार्ड के साथ साथ भाजपा के भी घंमंड को तोड़ने का काम करेगी। वे रैली की सफलता के लिए लगातार लोगों से सम्पर्क साध रहे है। वे आज 14 दिसम्बर को दिल्ली में होने वाली रैली की सफलता को लेकर आयोजित जनसम्पर्क अभियान के तहत गांव सीपर में लोगों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस वक्त बारिश के पानी से किसानों की फसल तबाह हुई थी। उस वक्त सरकार ने दिवाली से पहले किसानों को बर्बाद फसलों का मुआवजा देने का ऐलान किया था,लेकिन बारिश को साढे तीन माह का अरसा बीत गया,पर अभी तक किसानों को मुआवजे के नाम पर एक फुटी कौड़ी तक नहीं मिल पाई है। किसानों के साथ भाजपा सरकार ने किसानों के साथ धोखा किया है। क्योंकि किसानों के अरमान ही नहीं बल्कि फसलों से होने वाली आय से वे अपने परिवार का पालन व पोषण करते है। इस बार उनके समक्ष अजीब सी स्थिति बनी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में चुनाव के नाम पर नए बीपीएल कार्ड जोड़े गए थे,लेकिन अब उनको काटा जा रहा है। अब तक करीब 11 लाख के आसपास बीपीएल कार्ड को हटा दिया गया है। इससे साबित हो गया है कि भाजपा सरकार की कोई ठोस रणनीति नहीं है,बल्कि ये सब इलेक्शन एजेंडा ही था।

## युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का महाअभियान तेज

■ भिवानी में सीएम पैक्स की तीन जिलों की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भिवानी। बैठक में समस्याओं को लेकर मंथन करते हुए।

बेरोजगारी को जड़ से खत्म करने और सहकारिता के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सीएम पैक्स अब धरातल पर गति पकड़ने लगी है। इसी कड़ी में रविवार को स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में भिवानी, दादरी व महेंद्रगढ़ तीन जिलों की सीएम पैक्स की संयुक्त समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में हरकोफेड के अधिकारियों और सहकारिता विभाग के निरीक्षकों ने पैक्स (प्राथमिक कृषि ऋण समिति) के गठन और भविष्य की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की। इस बारे में जानकारी देते हुए सीएम पैक्स एसोसिएशन हरियाणा के कार्यवाहक प्रधान प्रविंद्र मांढ़ी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी और राज्य के सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा के अथक प्रयासों से जनवरी-2025 में इस योजना की नींव रखी गई थी। सरकार का मुख्य उद्देश्य शिक्षित युवाओं को संगठित कर सीएम पैक्स का गठन करना है, ताकि उन्हें रोजगार के लिए भटकना न पड़े। विभाग द्वारा 500 सीएम पैक्स के गठन का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। ताजा आंकड़ों के अनुसार अब तक लगभग 260 पैक्स का रजिस्ट्रेशन पूरा कर लिया गया है और बाकी लक्ष्य को जल्द से जल्द हासिल करने के लिए विभाग पूरी तरह सक्रिय है। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान अधिकारियों ने बताया कि सीएम पैक्स केवल एक समिति नहीं, बल्कि रोजगार का एक पूरा पैकेज है। इसके तहत रजिस्टर्ड सोसायटियों को निम्नलिखित व्यवसाय करने के अवसर प्रदान किए जाएंगे। जिसमें वीटा मिल्क और उससे बने उत्पादों की बिक्री केंद्र, खाद, बीज और उर्वरक बिक्री के लिए लाइसेंस, अनाज मंडियों में हैंडलिंग एजेंट के रूप में कार्य, सीएससी सेंटर और जन औषधि केंद्र का संचालन, पेट्रोल पंप आवंटन और अनाज भंडारण हेतु गोदाम (स्टोरेज) निर्माण आदि है। ये सभी कार्य न केवल पैक्स सदस्यों को आय देंगे, बल्कि ग्रामीण स्तर पर भी नई नौकरियां पैदा करेंगे। इस मौके पर हरकोफेड के कॉर्डिनेटर देवेंद्र सिवाच मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं और पैक्स प्रतिनिधियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि सहकारिता ही भविष्य है। इस अवसर पर विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे, जिनमें सहकारिता विभाग के इंस्पेक्टर नरेंद्र शर्मा, सब-इंस्पेक्टर अजय, सब-इंस्पेक्टर वीरेंद्र भी रहे तथा उपस्थित लोगों को संबोधित कर सीएम पैक्स की विभिन्न कार्ययोजनाओं की जानकारी दी।

## पूर्व प्रधान के निधन पर जताया शोक

**कनीना।** नगर पालिका के पूर्व प्रधान राजेंद्र सिंह लोढ़ा के निधन पर क्षेत्र के गणमान्यजनों ने शोक जताया है। कनीना स्थित उनके आवास पर रविवार को शोक जताने वालों का तांता लगा रहा। एडवोकेट जेपी यादव ने बताया कि पूर्व प्रधान राजेंद्र सिंह लोढ़ा का हाल ही में घटित सड़क हादसे में निधन हो गया था। वे अपने सहयोगी दीपक के साथ कनीना से डूंगरवास गांव में आयोजित शादी समारोह में हिस्सा लेने जा रहे थे। रेवाड़ी के बालाजी मार्केट के समीप पहुंचे तो सामने से आ रही बस ने उनकी कार को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में राजेंद्र सिंह लोढ़ा गंभीर रूप से घायल हो गए थे, वहीं चालक दीपक को भी चौटें आई थी। राजेंद्र सिंह लोढ़ा ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था।

## परीक्षा में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा



गांव मिलकपुर में आयोजित कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते हुए बच्चे।

गांव मिलकपुर स्थित मुख्य धर्मशाला के सामने बड़े चौक में उत्साह और उमंग से भरे माहौल में ग्राम विकास मंडल द्वारा आयोजित प्रतिभा खोज परीक्षा तथा सीईटी बेस परीक्षा के परिणामों की घोषणा की गई। यह आयोजन शिक्षा और प्रतिभा को बढ़ावा देने का एक प्रेरणादायक मंच साबित हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूएसए से आए आर.एस. गोलन रहे, जबकि अध्यक्षता पूर्व सरपंच मास्टर रामस्वरूप यादव ने की। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. नरेंद्र यादव , डॉ. अनिल यादव, राव कृष्ण नीलाहेड़ी ,डॉ. शशिकला यादव, डॉ. सुमन यादव सहित अनेक गणमान्य व्यक्तित्व शामिल रहे, जिनकी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें उचित मार्गदर्शन और अवसरों की आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षा के साथ स्वास्थ्य, चरित्र निर्माण, नैतिक कर्तव्यों तथा भारतीय संस्कृति के संरक्षण पर विशेष जोर दिया। मुख्य अतिथि आर.एस. गोलन ने कहा, "ग्राम विकास मंडल द्वारा किया जा रहा शिक्षा के क्षेत्र में यह प्रयास आने वाली पीढ़ी को मजबूत नींव प्रदान करेगा। पूर्व सरपंच रामस्वरूप यादव ने गांव के युवाओं को चुनौतियों से न डरते हुए निरंतर आगे बढ़ने का संदेश दिया। अन्य अतिथियों ने भी गांव में पौधारोपण, स्वच्छता अभियान तथा विकास कार्यों के लिए ग्राम पंचायत व विकास मंडल की प्रशंसा की। कार्यक्रम में आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस मिलकपुर, आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिकंदरपुर, आदर्श ग्रामीण सीनियर सेकेंडरी स्कूल मिलकपुर और आईपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल ईशरवाल के विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नाटकों, गीतों और नृत्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा 6वीं से 12वीं तक एवं सीईटी बेस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर नगद पुरस्कार और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। पिछले वर्ष की तरह इस बार भी बेस्ट रिजल्ट ट्रॉफी आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस मिलकपुर ने जीतकर अपनी उपलब्धि को दोहराया. इस अवसर पर गाँव के सरपंच भीम सिंह, ग्राम विकास मंडल के पदाधिकारी, शिक्षकगण एवं भारी संख्या में गांववासी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम न सिर्फ बच्चों को प्रेरित करने वाला रहा, बल्कि शिक्षा, संस्कृति और सामुदायिक विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाला भी सिद्ध हुआ।

## हनुमान जोहड़ी में ध्यान, यज्ञ, योग एवं सत्संग पखवाड़े का शुभारंभ

# महंत ने नशामुक्त व स्वस्थ समाज का संदेश दिया

### मानसिक शांति और शारीरिक बल के लिए योग और ध्यान ही एक मात्र मार्ग : चरणदास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। श्री हनुमान जोहड़ी में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

युवा जागृति एवं जन कल्याण मिशन ट्रस्ट के तत्वावधान में रविवार को स्थानीय हनुमान ढाणी स्थित श्री हनुमान जोहड़ी धाम के स्वामी विवेकानंद सभागार में अंतर्राष्ट्रीय ध्यान दिवस (21 दिसंबर) के उपलक्ष्य में 15 दिवसीय ध्यान, यज्ञ, योग एवं सत्संग पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम 21 दिसंबर 2025 तक निरंतर चलेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर के महंत बालयोगी चरणदास महाराज के सानिध्य में हुआ। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं और युवाओं को संबोधित करते हुए महंत चरणदास महाराज ने कहा कि आज के दौर में युवा पीढ़ी भटकाव की ओर जा रही है। ऐसे में मानसिक शांति और शारीरिक बल के लिए योग और ध्यान ही एक मात्र मार्ग है। हमारा ध्येय राष्ट्र के लिए शक्ति संचय और राष्ट्र के लिए भक्ति संचय होना चाहिए। महंत ने कहा कि आलस्य मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। मैं युवाओं से आह्वान करता हूं कि वे आलस्य त्यागें और कर्म करें। जब देश का नागरिक करो योग, रहो निरोग के मूलमंत्र को अपनाएगा, तभी एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव होगा। प्रतिदिन यज्ञ और गीता पाठ से वातावरण शुद्ध होता है और मन में सात्विक विचार आते हैं। बता दे कि यह कार्यक्रम 21 दिसंबर तक प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 8 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा दिनचर्या में सुबह 7 से 9 बजे और दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक विभिन्न सत्र चलेंगे। कार्यक्रम में प्रतिदिन यज्ञ, गीता पाठ, योगासन और सत्संग का लाभ श्रद्धालुओं को मिलेगा। ध्यान सत्र का संचालन वैश्य कॉलेज भिवानी की प्रोमिला सिहाग द्वारा किया जा रहा है। योगाभ्यास के लिए विशेष रूप से योगाचार्य एमएससी की टीम उपस्थित रही, जिसमें ओमबीर कौशिक, सत्येन्द्र जेटली, विद्या देवी, मुस्कान वर्मा, राहुल, विक्रम और आशुतोष वर्मा शामिल हैं।

## बहल के हर नागरिक के भरोसे पर खरा उतरने का करेंगे प्रयास : रवि

■ मार्केट कमेटी के चेयरमैन रवि महमिया का नागरिक अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल


बहल। लोगों का अभिवादन स्वीकारते हुए रवि महमिया। फोटो : हरिभूमि

मार्केट कमेटी के चेयरमैन रवि महमिया का कस्बे के अंबेडकर नगर के निवासियों द्वारा नागरिक अभिनंदन किया गया। समारोह में उपस्थित लोगों ने कहा कि रवि महमिया को मार्केट कमेटी का चेयरमैन बनाए जाने से पूरे बहल कस्बे का मान, सम्मान बढ़ा है। इसके लिए बहल के लोग सीएम नायब सिंह सैनी व पूर्व मंत्री जेपी दलाल के आभारी हैं जिन्होंने बहल का गौरव बढ़ाने का काम किया है।

रविवार को हरिजन चौपाल में आयोजित कार्यक्रम में अंबेडकर नगर के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। लोगों ने मार्केट कमेटी के चेयरमैन रवि महमिया का मालाएं पहनाकर स्वागत किया व उनको चेयरमैन बनने पर बधाई दी। चेयरमैन रवि महमिया ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी व पूर्व मंत्री जेपी दलाल ने उनको मार्केट कमेटी जैसे महत्वपूर्ण पद पर चेयरमैन बनाकर जो विश्वास जताया है, वे उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। बहल के लोगों से उनका दस पीढ़ियों का नाता है।

## भीम स्टेडियम में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में दिखे कड़े मुकाबले

# डिस्कस थ्रो में सौरभ तो सर्कल कबड्डी में डीसी कॉलोनी की टीम रही अव्वल


भिवानी। आयोजित कबड्डी मैच में रेडर को पकड़ते हुए। फोटो : हरिभूमि


भिवानी। वालीबाल स्पर्धा में शॉट लगाते हुए। फोटो : हरिभूमि

- 100 मीटर दौड़ में दादरी से स्नेहा पहले स्थान पर रही। सीमा तोशाम दूसरे और भिवानी की नैंसी तीसरे स्थान पर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

भीम स्टेडियम में आयोजित सांसद खेल महोत्सव की डिस्कस थ्रो स्पर्धा में सौरभ भिवानी प्रथम, रवि तोशाम द्वितीय व विनीत तोशाम तृतीय स्थान पर रहा। लड़कियों में पलक भिवानी प्रथम स्थान पर, मुनेश तोशाम दूसरे व साक्षी तोशाम तीसरे स्थान पर रही। सर्कल कबड्डी में लड़कियों में डीसी कॉलोनी प्रथम रही। झोझू टीम दूसरे स्थान पर रही। द्वारका टीम तीसरे स्थान पर रही। सर्कल कबड्डी में सांगवान के लड़कों की टीम प्रथम रही। राजीव कॉलोनी दूसरे स्थान पर और विद्यानगर की टीम तीसरे स्थान पर रही। 100 मीटर दौड़ में दादरी से स्नेहा पहले स्थान पर रही। सीमा तोशाम दूसरे और भिवानी की नैंसी तीसरे स्थान पर रही। भारती बहल से चौथे स्थान पर रही। लड़कों में हॉकी की टीम बोंद कला प्रथम, भिवानी भीम स्टेडियम द्वितीय व प्रेम नगर की टीम तृतीय स्थान पर रही। लड़कों की हाई जंप में नारनौल से लकी प्रथम, लोहारू से सौरभ द्वितीय, तोशाम से रवि तृतीय स्थान पर रहा। रस्साकशी में पहले स्थान पर सरल, दूसरे स्थान पर राजीव कॉलोनी और तीसरे स्थान पर नारनौल की टीम रही। एथलेटिक्स में लड़कियों में बाबा भैरवनाथ एकेडमी प्रथम, चरखी दादरी द्वितीय और भिवानी तृतीय स्थान पर रही। एथलेटिक्स में लड़कों की टीम में भिवानी प्रथम, बाबा भैरूनाथ एकेडमी तोशाम द्वितीय स्थान पर रही और चरखी दादरी की टीम तृतीय स्थान पर रही। ट्रिपल जंप में लड़कों में विवेक भिवानी प्रथम, सचिन भिवानी दूसरे स्थान पर, सुमित तोशाम से तीसरे स्थान पर रहे। लंबी कूद में लड़कों में तोशाम से सुमित प्रथम, भिवानी से विवेक दूसरे स्थान पर और सचिन भिवानी तीसरे स्थान पर रहा। जैवलिन थ्रो में लड़कों में विक्रांत प्रथम, अमन द्वितीय और पृथ्वी तृतीय स्थान पर रहा। लड़कियों में मुनेश प्रथम, साक्षी द्वितीय और गोरा तृतीय स्थान पर रही।

### 200 मीटर स्वीमिंग बॉयज में रुद्राक्ष प्रथम

200 मीटर स्वीमिंग बॉयज में रुद्राक्ष प्रथम , दिव्यांशु द्वितीय स्थान पर रहे व अर्णव तृतीय स्थान पर रहे। 50 मीटर तैराकी में लड़कियां में रिद्धि प्रथम रही , नायरा द्वितीय स्थान पर रही व प्रगति तृतीय स्थान पर रही। 50 मीटर तैराकी में लड़कों में पहले स्थान पर आदित्य प्रथम रहे, तुषार दूसरे स्थान व शिवम शर्मा तीसरे स्थान पर रहे।

### महात्मा ज्योतिबा फुले धर्मार्थ ट्रस्ट ने खिलाड़ियों को दिलाया नशा मुक्ति का संकल्प

- युवाओं के कंधों पर है देश का स्वर्णिम भविष्य : मोहित चौधरी

भिवानी। भीम स्टेडियम में चल रहे सांसद खेल महोत्सव में खेल प्रतिभाओं के प्रदर्शन के बीच एक सकारात्मक सामाजिक संदेश भी दिया गया। महात्मा ज्योतिबा फुले धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित एक विशेष संकल्प कार्यक्रम में खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई गई। ट्रस्ट के महासचिव विजय सिंहमार व उपाध्यक्ष रिंकू ख्यालीराम ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप में भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौ. धर्मबीर सिंह के पुत्र एवं युवा नेता मोहित चौधरी और महात्मा ज्योतिबा फुले धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश सैनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। मोहित चौधरी व रमेश सैनी ने कहा कि किसी भी देश का स्वर्णिम भविष्य वहां के युवाओं की मेहनत और दिशा पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि खेल न केवल हमें शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हैं, बल्कि मानसिक दृढ़ता भी प्रदान करते हैं। आज के दौर में युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहना अत्यंत आवश्यक है। एक नशा मुक्त युवा ही एक सशक्त भारत की नींव रख सकता है। उन्होंने खिलाड़ियों से आह्वान किया कि वे अपनी ऊर्जा का उपयोग खेल के मैदान और समाज सेवा में करें। इस अवसर पर चेयरमैन रामकिशन हलवासिया, कमलेश दुल्लेड़ी, राम किशन, सुनील जांगडा, उमेश, कपिल, विपिन और अमित सहित अन्य युवा मौजूद रहे।


भिवानी। नशे के प्रति जागरुकता की शपथ दिलाते हुए। फोटो : हरिभूमि


भिवानी। कार्यक्रम में जानकारी देती ब्रह्मकुमारी बहन। फोटो : हरिभूमि

# चरित्र निर्माण ही समृद्ध व संस्कारित समाज की नींव

**प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में आयोजित चरित्र निर्माण एवं ग्राम उत्थान आध्यात्मिक प्रदर्शनी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

चरित्र निर्माण ही समृद्ध व संस्कारित समाज की नींव है आध्यात्मिकता से मनुष्य अपने विचारों को पवित्र व सकारात्मक बनाए तो वास्तव में ग्राम उत्थान संभव है यह उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा शाखा के तत्वावधान में चांदवास गांव में आयोजित चरित्र निर्माण एवं ग्राम उत्थान आध्यात्मिक प्रदर्शनी में सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने व्यक्त किए।

उन्होंने सभी ग्रामीणों से आध्यात्मिक व नैतिक मूल्यों, नशामुक्ति तथा सदाचार अपना गांव का सर्वांगीण विकास करने की अपील की। भाजपा जिला सचिव कुलदीप शास्त्री ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्था समाज सेवा, नारी उत्थान, नशामुक्ति और नैतिक संस्कारों के प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। उन्होंने इस प्रदर्शनी को ग्राम उत्थान के लिए एक प्रेरणादायी पहल बताया और गांव के युवाओं से ऐसे कार्यक्रमों से जुड़ने की अपील की। सरपंच प्रदीप ने कहा कि गांवों में आध्यात्मिक व सामाजिक जागरण के ऐसे आयोजन अत्यंत लाभकारी हैं। उन्होंने कहा कि चरित्रवान नागरिक ही सशक्त गांव और सशक्त राष्ट्र का निर्माण करते हैं। उन्होंने ब्रह्माकुमारीज कादमा के सहयोग और सेवाओं के लिए आभार भी व्यक्त किया। झोझूकलां सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने संबोधित करते हुए कहा कि आध्यात्मिकता प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में सहजता, शांति और आत्मविश्वास लाती है। उन्होंने राजयोग मेडिटेशन का महत्व बताते हुए कहा कि इसके अभ्यास से मन शक्तिशाली होता है जिससे पारिवारिक व सामाजिक संबंध मधुर बनते हैं। सैकड़ो ग्रामीणों को ब्रह्माकुमारी नीलम,अनुज रितु, रेखा बहन आदि आध्यात्मिक प्रदर्शनी का अवलोकन करा दिव्य गुणों की धारणा से श्रेष्ठ जीवन बनाने की प्रेरणा दी।


भिवानी। एकत्रित लोगों को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# श्री दक्ष प्रजापति सामुदायिक भवन के गेट का उद्घाटन 4 को

- बवानीखेड़ा स्थित श्रीदक्ष प्रजापति सामुदायिक भवन में रविवार को महत्वपूर्ण बैठक में लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

कस्बा बवानीखेड़ा स्थित श्रीदक्ष प्रजापति सामुदायिक भवन में रविवार को महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य 4 जनवरी को होने वाले भवन के मुख्य द्वार के उद्घाटन समारोह की रूपरेखा तैयार करना और आयोजन को ऐतिहासिक बनाना था। बैठक की अध्यक्षता भवन के प्रधान रामधन रानोलिया ने की, जिसमें ट्रस्ट की पूरी टीम और समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर सचिव बाली प्रजापति और कोषाध्यक्ष विनोद जलंधरा भी शामिल रहे। उनके साथ समस्त कार्यकारिणी के सदस्य और समाज के प्रबुद्ध नागरिक भी उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में कार्यक्रम को अनुशासन और भव्यता के साथ संपन्न कराने का संकल्प लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि उद्घाटन समारोह को भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। मंत्री के आगमन और कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए कार्यकारणी ने विभिन्न सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। बैठक के बाद जानकारी देते हुए प्रेस सचिव श्रीभगवान नाहडिय़ा ने कहा कि 4 जनवरी को होने वाला गेट उद्घाटन समारोह हमारे समाज के लिए गौरव का विषय है।

### विधायक सुनील सांगवान ने पहलवानों की समस्याएं जानी

चरखी दादरी। विधायक सुनील सांगवान रविवार को गांव समसपुर के प्राचीन हुनमान मंदिर अखाड़ा में पहुंचे और पहलवानों से मुलाकात करते हुए उनकी समस्याएं जानीं। साथ ही आश्वासन दिया कि सरकार के माध्यम से खिलाड़ियों व अखाड़ा के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जिससे दादरी क्षेत्र के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए देश-विदेश में नाम रोशन कर सकें। विधायक सुनील सांगवान ने अखाड़ा में पहलवानों की कुश्ती देखी और उनका हौसला बढ़ाते हुए कहा कि दादरी क्षेत्र के पहलवान अपना बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं और मिट्टी से निकलकर विदेशों में अपना परचम लहरा रहे हैं।


भिवानी। कार्यक्रम में तिरंगे के साथ अपनी प्रस्तुति देते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

# राष्ट्र ध्वज तिरंगा दिवस पर सम्मान चेतना यात्रा निकाली

भिवानी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति एवं सदाचारी शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को राष्ट्रीय ध्वज दिवस पर तिरंगा संदेश सम्मान चेतना यात्रा का आयोजन किया गया। रविवार की छुट्टी को देखते हुए कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर ही विवेकानंद हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय ध्वज हाथों में लेकर तिरंगे को सम्मान दिया तथा देश की एकता, अखंडता और स्वतंत्रता के प्रति समर्पण का संदेश दिया। पखवाड़े के संयोजक एवं राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने बताया कि संस्था द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 दिवसीय 'राष्ट्र ध्वज तिरंगा तुम्हें सलाम' पखवाड़ा चलाया जाएगा। इसके तहत विद्यार्थियों एवं आमजन को राष्ट्रध्वज की गरिमा, महत्व और उसके संरक्षण संबंधी जानकारी दी जाएगी।

# शिविर में 300 बच्चों के नेत्रों को जांचा

**श्रीराम पब्लिक स्कूल में नेत्र जांच शिविर लगाया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

श्रीराम पब्लिक स्कूल कान्हड़ा में कमला देवी आई एण्ड ईएनटी अस्पताल द्वारा नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अस्पताल की टीम द्वारा लगभग 100 अभिभावकों व 300 बच्चों की नेत्र जांच की गई। जांच के बाद आंखों की ज्योति बनाए रखने के लिए आहार में किन चीजों का सेवन करें व अपनी आंखों की नियमित देखभाल करने की सलाह दी। जिन बच्चों की नेत्र ज्योति सम्बंधित समस्याएं ज्यादा मिली उनको आई ड्रॉप्स व चश्मे वितरित किए गए। स्कूल प्राचार्य अमित जाखड़ ने बताया कि आज के समय में बच्चों के मनचाहे खानपान व पढ़ाई का ज्यादा दबाव होने की वजह से बच्चों में आंखों की समस्याएं ज्यादा बढ़ रही हैं। अतः समय-समय पर बच्चों की समस्याओं का पता लगाया जा सके और उनका उपयुक्त समय पर सही इलाज किया जा सके।


भिवानी। शिविर में आंखों की जांच करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

# पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट ने रेलवे जंक्शन पर जरूरतमंद महिलाओं को बांटे कंबल

**समाज सेवा से बढ़कर कोई उपकार नहीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

क्षेत्र में बढ़ती सर्दी और ठिठुरन को देखते हुए पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट ने एक बार फिर मानवता की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाया है। समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी इस संस्था ने भिवानी रेलवे जंक्शन के पास खुले आसमान के नीचे रहने वाली जरूरतमंद महिलाओं को ठंड से राहत दिलाने के लिए कंबल वितरित किए। जैसे-जैसे दिसंबर का महीना आगे बढ़ रहा है, भिवानी और आसपास के इलाकों में तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। ऐसे में बेघर और गरीब तबके के लिए यह मौसम काफी कष्टदायक हो जाता है। इसी पीड़ा को समझते हुए पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल अपनी टीम के साथ भिवानी रेलवे जंक्शन पहुंचे। वहां उन्होंने करीब दो दर्जन ऐसी महिलाओं को गर्म कंबल भेंट किए, जो इस कड़ाके की ठंड में गर्म कपड़ों के अभाव में जीवन व्यतीत कर रही थीं। कंबल पाकर महिलाओं के चेहरों पर राहत और मुस्कान साफ देखी जा सकती थी। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने समाज को संदेश देते हुए कहा कि ईश्वर ने हमें जो सामर्थ्य दिया है, उसका सदुपयोग समाज के वंचित वर्ग की मदद के लिए करना चाहिए।

जरूरतमंद के समय किसी दूसरे व्यक्ति के काम आना ही असली मानव सेवा है। उन्होंने आगे कहा कि सर्दी का मौसम हर किसी के लिए आनंददायक नहीं होता, खासकर उनके लिए जिनके पास सिर छिपाने को छत और तन ढकने को पर्याप्त गर्म कपड़े नहीं होते। ऐसे में यह हमारा नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम आगे आएं और उनकी मदद करें।


भिवानी। जरूरतमंदों में कम्बल बांटते हुए। फोटो : हरिभूमि

# हेल्थ मेडिकल चेकअप कैंप में 100 लोगों की स्वास्थ्य जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

गांव प्रेमनगर के अंबेडकर भवन में रविवार को डा. भीमराव अंबेडकर सेवा समिति प्रेमनगर के तत्वावधान में और ग्राम पंचायत प्रेमनगर के सहयोग से एक हेल्थ मैडिकल चैकअप शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन अंबेडकर समिति के प्रधान दलबीर गोठवाल ने किया। इस मैडिकल चैकअप कैंप में ओम श्री हेल्थ मैडिकल सेंटर भिवानी के अनुभवी डॉक्टरों द्वारा डाक्टर सुमित साहु के नेतृत्व में लगभग 100 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा निःशुल्क टैस्ट गए। इस हेल्थ कैंप में बीपी, शुगर, थायरॉइड, बवासीर, भगंदर और नसों की बीमारियों की अनुभवी डाक्टरों की टीम बीपीटी डा. सुमित साहु, फार्मासिस्ट तीर्थ, एलटी गुलाब साहु द्वारा फ्री जांच करके दवाईयां निर्धारित की गई। कैंप के प्रभारी डा. सुमित साहु ने कहा कि उनका उद्देश्य समय पर लोगों के स्वास्थ्य की समुचित जांच करके उनको शारीरिक तौर पर स्वस्थ बनाए रखना है। कैंप में अनुभवी डा. द्वारा रोगों के इलाज के लिए लोगों को विभिन्न एक्सरसाइज के बारे में जानकारी दी गई।


भिवानी। जांच शिविर में लोगों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 × 8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### नशा मुक्ति पर नौवीं के विद्यार्थियों द्वारा नाटक का मंचन किया गया

# नशा मुक्त राष्ट्र के लिए डीएवी पुलिस स्कूल में करवाया 100 कुंडीय हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

आर्य युवा समाज के तत्वावधान में आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के आह्वान पर डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल भिवानी ने हुडा पार्क में नशा मुक्त राष्ट्र के लिए सौ कुण्डीय हवन का आयोजन किया।इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि और विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी निर्मला दहिया,बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल गौड़, सहायक पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार, इंस्पेक्टर सत्यनारायण आर्य, प्रसिद्ध समाजसेवी हैप्पी सिंगला, कुणाल शर्मा, सीबीएसई सिटी कॉर्डीनेटर कमला गुरेजा, हलवासिया विद्याविहार के प्राचार्य विमलेश आर्य, टीआईटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य डी.पी. कौशिक, हरियाणा कर्मचारी आयोग के चेयरमैन विजेन्द्र बड़गुजर वर्धमान ज्वैलर्स के मालिक सचिन जैन ने कार्यक्रम में शिरकत कर चार चाँद लगा दिए। कार्यक्रम का शुभारंभ आगंतुकों के स्वागत से किया गया। तत्पश्चात आगंतुकों का परिचय कराया गया। उसके बाद हवन आरंभ किया गया। प्रार्थना उपासना के बाद वैदिक मंत्रों से अलग-अलग कुण्डों पर बैठे छात्रों ने आहुतियाँ समर्पित कीं। तदुपरांत कक्षा नौवीं की छात्राओं पलक,स्वाति, तांशी,यांशी के द्वारा दोष परिमार्जन के भाव से ओतप्रोत भजन प्रस्तुत किया गया। नशा मुक्ति पर नौवीं के विद्यार्थियों द्वारा नाटक का मंचन किया गया।


भिवानी। नशामुक्ति चलाए जा रहे अभियान के तहत हवन कराते हुए। फोटो : हरिभूमि

### नशा मुक्त राष्ट्र बनाने के लिए लिया संकल्प


भिवानी। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि को सम्मानित करते हुए।

भिवानी। आर्य युवा समाज द्वारा डीएवी प्रबंधन समिति के सहयोग से पूरे हरियाणा में सभी डीएवी संस्थाओं द्वारा विभिन्न स्थानों पर एक साथ नशा मुक्त राष्ट्र बनाने के लिए 100 कुंडीय हवन यज्ञ एवं जागरुकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का आगाज नशा मुक्त राष्ट्र जागरूकता रैली द्वारा किया गया। प्राचार्या जगदीप कौर ने जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। स्कूल प्राचार्या जगदीप कौर ने कहा कि डी.ए.वी. प्रबंधन समिति के प्रधान पूनम सूरी के दिशानिर्देशन में नशा मुक्त भारत बनाने की मुहिम को आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के द्वारा डी.ए.वी. स्कूल एवं कॉलेजों में आज इस अभियान की शुरुआत की गई है। इस आयोजन में डी.ए.वी. शताब्दी पब्लिक स्कूल, भिवानी के निदेशक वीके चोपड़ा, चैयरमेन अनिल राव, वाइस चैयरमेन सत्यपाल आर्य, मैनेजर अजय अलावादी, रिजनल आफिसर सुनीता बहल द्वारा विशेष प्रोत्साहन दिया गया।